# कई ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र अमरवाड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा नगर पालिका अमरवाड़ा के वार्ड क्रमांक 14 में पेयजल संकट गहराने लगा है। लेकिन अधिकारी इस दिशा में ध्यान नहीं दे रहे है जिससे भीषण गर्मी में जल संकट और गहरायेगा।

बता दें कि भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा प्रत्येक नागरिकों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया है जिसके तारतम्य में ग्रामीण अंचलों में नल जल योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक घरों में पानी पहुंचाने का निर्देश भी जारी किया गया है और नगर पालिका क्षेत्र में अमृत योजना के अंतर्गत हर घर नल योजना क्रियान्वित किया जाना सुनिश्चित किया गया है उसके बावजूद भी शासन की मनसा पर खरे नहीं उतर पा रहे अधिकारी मात्र खाना पूर्ति कर रहे हैं।

नागरिकों का कहना है कि ठेकेदारों से सांठगाँठ कर रहे हैं और कमीशन बाजी का चक्कर के कारण कई दिनों से पानी आम नागरिकों को नहीं मिल पा रहा है और ना ही इतनी भीषण गर्मी में पानी की टैंकर से जल आपूर्ति की जा रही है पेयजल संकट उत्पन्न हो रहा है ऐसा ही वाक्या वार्ड क्रमांक 14 के झगड़ा रोड पर निवास कर रहे नागरिकों ने बताया कि उनके निवास पर आज तक कोई भी नल



कनेक्शन नहीं दिया गया है और ना ही पाइप लाइन बिछाई जा रही है।

कई बार सम्बन्धित अधिकारी और क्षेत्रीय वार्ड पार्षद को अवगत करा चुके हैं फिर भी कोई ध्यान देने को तैयार नहीं है। पेयजल संकट ज्यों के त्यों बना हुआ है टैंकरों से भी पानी की जल आपूर्ति नहीं की जा रही है ऐसी परिस्थितियों से आज भी अमरवाड़ा के ग्रामीण और वार्ड क्रमांक 14 नगर पालिक परिषद अमरवाड़ा के नागरिकों को गुजरना पड़ रहा है।

क्षेत्रीय पार्षद से संवाददाता ने चर्चा करने पर बताया गया है कि ठेकेदार के द्वारा अधूरा कार्य किया गया है कुछ तकनीकी कारण से कार्य नहीं हो पा रहा है अधूरा काम होने की वजह से यह समस्या बनी हुई है।

सम्बन्धित सभी अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को भी अवगत करा दिया गया है फिर भी पेयजल व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों में आक्रोश बना हुआ है शीघ्र ही पेयजल आपूर्ति नहीं की जाती है तो जन आंदोलन भी किया जा सकता है।

नागरिकों ने शासन प्रशासन से और नगर पालिक मुख्य कार्यपालक अधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों से भी वार्ड क्रमांक 14 में पेयजल आपूर्ति की मांग किया और अमरवाड़ा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में भी कई जगह नल लगा दिए गए हैं और पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है ग्रामीण जनों ने भी शीघ्र पेयजल व्यवस्था बनाने अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को आवेदन निवेदन किया है देखतें है कब तक अधिकारी पेयजल व्यवस्था बनाने में क्या कारगार कदम उठाएंगे तभी शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध होगा।

# कन्या विद्यालय में मनाया पृथ्वी दिवस



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पी.एम.सी. शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परासिया में 22 अप्रैल 2025 को मंगलवार के दिन पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा इको क्लब फॉर मिशन लाइफ् कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जा रही हैं।

इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल के निर्देशन, जिला नोडल अधिकारी विनोद तिवारी के मार्गदर्शन तथा ईको क्लब प्रभारी नीतू विश्वकर्मा के द्वारा आयोजित किया विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया।

जिसमें छात्राओं ने पेंटिंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता और रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया कि पृथ्वी को कैसे बचाया जाए।

सभी शिक्षकों ने पृथ्वी को बचाने के लिए पेड़ लगाऐं, पृथ्वी बचाएं का नारा दिया। छात्राओं को बताया गया कि कैसे हम फलों के बीजों से दोबारा पौधे प्राप्त कर सकते हैं अभी बारिश आने वाली है तो हम ज्यादा से ज्यादा बीजों को यहां वहां फेके ताकि कम मेहनत के भी वृक्षारोपण हो सके वृक्ष काटने और ना लगाने के दुष्परिणामों को समझाया गया और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की अपील की गई।

स्वर्ण कुमारी सिंह के मार्गदर्शन में सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए जिसमें नरेश आरासिया, नीतू विश्वकर्मा, शीला गुप्ता, ममता करसड़े,भाग्यश्री मिश्रा, योगिता साहू, सरिता धुर्वे, भूपेंद्र कोलारे शामिल रहे।

## सार समाचार

### पृथ्वी दिवस पर पानी बचाओ स्वच्छता अपनाओ अभियान चलाया स्वयंसेवकों ने



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले अंतरराष्ट्रीय विश्व पृथ्वी दिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय, माधव स्मृति न्यास छिंदवाड़ा में शमी के पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर जिला स्वयंसेवक संघ विभाग के प्रमुख लखन एवं महाकौशल प्रांत संयोजक रामकृष्ण के द्वारा जिला संघ कार्यालय में शमी के पौधे का रोपण किया ।

अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में छिन्दवाड़ा नगर निगम रामडोह नाला सोनपुर, बोरिया (रामढोह नाला) उत्थान हेतु जल संरक्षण करने के लिए चलाया गया नाले के सौंदरीकरण हेतु जनसंपर्क अभियान जिसमें पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के प्रांत संयोजक विभाग संयोजक जिला सहसंयोजक सहित पर्यावरण के लिए काम करने वाले कार्यकर्ता दिगंबर, वृक्ष मित्र रविंद्र सिंह, जैव विविधता दूत मोहन एवं गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### अंडरग्राउंड से सरफेस में कर्मचारियों को निकालने का खेल चल रहा है

**परासिया, देशबन्धु।** वेकोलि के पेंच क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों से भूमिगत कोयला खदान से कर्मचारी का खदान के ऊपर सरफेस में काम पर रखने के कई मामले सामने आए हैं। पता चला है कि खदान के भीतर काम करने वाले कर्मचारियों को कोई गंभीर बीमारी नहीं होती है लेकिन उसके बावजूद गंभीर बीमारी बताकर बहुत से कर्मचारियों को ऊपर काम पर रखा गया है। जानकार सूत्रों की माने तो यह बड़ा खेल खदान के अधिकारियों, चिकित्सकों एवं श्रमिक संगठनों के कथित दलालों के गठजोड़ के कारण चल रहा है। सूत्रों की माने तो खदान के भीतर से एक कर्मचारी को सरफेस में काम देने के लिए 2 से 3 लाख रुपए लिए जाते हैं। लेकिन अब इस धंधे पर महाप्रबंधक अनूप हंजूरा ने न केवल लगाम कस दी है। बल्कि अवैध रूप से कमाई करने वाले दलालों को बड़ा झटका भी दे दिया है। महाप्रबंधक ने गत 1 अक्टूबर 2024 से अंडरग्राउंड माइन्स से सरफेस में जितने भी कर्मचारी नियोजित किए गए हैं उनके आदेशों को निरस्त कर दिया है। जिसके बाद अब कर्मचारियों को खदान के भीतर जाकर काम करना पड़ेगा। इस आदेश के बाद दलालों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार महाप्रबंधक को इस बात की जानकारी मिली कि उपक्षेत्रीय स्तर पर अंडरग्राउंड से सरफेस में कर्मचारियों को नियोजित करने का बड़ा खेल चल रहा है। इंटर इकाई मैं स्थानांतरण हेतु आदेश बिना सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के जारी किये जा रहे हैं। महाप्रबंधक ने गत 16 अप्रैल को कार्यालय आदेश जारी कर पेंच क्षेत्र के समस्त उप क्षेत्रीय प्रबंधक, विभागाध्यक्ष, खान प्रबंधक एवं इकाई प्रभारी के अलावा अन्य अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अब अंडरग्राउंड से कर्मचारियों को सरफेस में नियोजित करने और इंटर इकाई में स्थानांतरण सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के बाद ही किया जाएगा, जिसके लिए आवश्यक प्रस्ताव कंपनी नियमानुसार क्षेत्रीय मुख्यालय प्रेषित करेगी। आदेश में यह भी कहा गया है कि बिना सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के 1 अक्टूबर 2024 से अंडरग्राउंड से सरफेस में जिन कर्मचारियों को नियोजित किया गया है उसे निरस्त किया जाता है।

जानकार सूत्रों ने बताया कि पिछले तीन वर्षों के दौरान लगभग डेढ़ सौ से अधिक कर्मचारियों को अंडरग्राउंड से निकलकर सरफेस में नियोजित किया गया है। उपक्षेत्रीय स्तर के अधिकारियों, चिकित्सकों एवं श्रमिक संगठन के दलालों के द्वारा काफी बड़ी कमाई की गई है।

# छिन्दवाड़ा में स्थायी आरटीओ नहीं होने से कार्य हो रहा प्रभावित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** दो जिलों के परिवहन कार्यालय में प्रभार में रहने के कारण अस्थाई रूप से प्रभार में आए आर.टी.ओ. अनुराग शुक्ला पहले से बैतूल परिवहन कार्यालय में पदस्थ है जहां कार्य अधिक होने से अधिक व्यस्तता होने से छिंदवाड़ा कार्यालय में कोई दिन समय निर्धारित नहीं हैं जिस कारण दो जिले छिंदवाड़ा और पांढुरना के वाहनों के रजिस्ट्रेशन, मोबाइल नंबर अपडेट और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे विभिन्न कार्य बुरी तरह प्रभावित हो चुके हैं।

100 कि.मी. की दूरी तय करके आर.टी.ओ. ऑफिस आने वाले लोगों को साहब के न होने से निराशा मिलती है और बिना कार्य के बैरंग वापस होना पड़ता है, वैसे ही सप्ताह में 5 दिनों का कार्यालय संचालित होता है जिसमें भी प्रभारी आरटीओ के भरोसे चल रहे कार्यालय में कार्य नहीं हो रहे हैं। शासन को छिंदवाड़ा और पांढुरना जिले की जनता को हो रही इस गम्भीर समस्या पर गंभीरता से विचार कर छिंदवाड़ा परिवहन कार्यालय में स्थाई आरटीओ की नियुक्ति जल्द करने की आवश्यकता है



# वापसी चाहते हैं कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए कई नेता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जैसे जैसे समय बीतता जा रहा है वैसे वैसे राजनैतिक गलियारों में चर्चा चलने लगी है कि लोकसभा, विधानसभा चुनाव के दौरान जो कांग्रेस के नेता भाजपा में शामिल हुए है वे अब वापसी का मन अपनी मूल पार्टी कांग्रेस में मन बना रहे है।

एक नेता अपना नाम गोपनी रखने का आग्रह करते हुए बताया कि जो सोचकर आएं थे वह सपना साकार नहीं हो रहा है बल्कि भविष्य की चिंता भी सताने लगी है।

ऐसी स्थिति में मूल पार्टी कांग्रेस में हमारे साथी जाने के लिए तैयार नजर आ रहे है। कुछ लोगों ने उच्च स्तरीय चर्चा भी की है लेकिन परिणाम सामने नहीं आने से अभी फैसला नहीं लिया जा रहा है की चर्चा है।

# धरा बचाने का संकल्प लिया विद्यालय चांद के विद्यार्थियों ने




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देश एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री गोपाल सिंह बघेल के मार्गदर्शन में आज पृथ्वी दिवस पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत धरा को बचाने, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाँद में प्राचार्य अनिल तागड़े के नेतृत्व शपथ ली।

कार्यक्रम प्रभारी राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में धरती को साफ -स्वच्छ बनाने हेतु विद्यालय के मोगली इको क्लब द्वारा स्थापित गुलाब वाटिका में साफसफाई कर गाजर घास उखाड़ी गई और पानी डाला गया।

इस अवसर पर एक शपथ भी ली गई जिसमें धरती को साफ सुधरा बनाने के लिए वृक्षारोपण करने, कचरा कूड़ा न फैलाने, प्राकृतिक संसाधनों का न्यूनतम प्रयोग करने के लिए संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर इको क्लब के सदस्य कुलदीप यादव, करण उइके, सूरज उइके, नयन इनवाती, अंश वर्मा एवं शिक्षक गोविंद सिंह महदोले, सपना पाटिल, पवनसिंह रघुवंशी, संध्या साहू, वैदेही साहू, स्वाति जैन, शिवम साहू, रघुनाथ वर्मा, प्रार्थना जमहोरे, वैष्णवी चौहान, काजल माहोरे, दौलत वर्मा, आशाराम बंदेवार, मिताली रघुवंशी, ईश्वर सिंह चौरिया, राजाराम उइके, राजकुमार सोनी, गौरव परतेती, पवन कुमार उइके, बाबा चौरसिया आदि उपस्थित रहें।

# पेयजल के स्थायी स्त्रोत खोजे भाजपा सरकार : कांग्रेस

## सिवनी जिले को पानी दिया ठीक, लेकिन यह परम्परा हर साल न बने अन्यथा छिन्दवाड़ा में होगा जल संकट

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजीव कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सिवनी जल संसाधन विभाग की लापरवाही का खामियाजा जनता को भुगतना न पड़े। संजय सरोवर भीमगढ़ जलाशय में पानी की कमी बताकर चौरई के माचागोरा जलाशय से 35 एमसीएम पानी सिवनी जिले के भीमगढ़ जलाशय के लिए छोड़ा जा रहा है। पेयजल हेतु सिवनी जिले को पानी दिया ठीक बात, किन्तु यह परम्परा हर साल न बनें। स्थानीय स्तर पर ही पेयजल के स्थाई स्रोत खोजे जाएं इस पर भाजपा के जनप्रतिनिधियों को ध्यान देना चाहिए।

आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए चौरई विधायक सुजीत चौधरी ने कहा कि बालाघाट संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद व अन्य भाजपा जनप्रतिनिधियों के दबाव में आकर सिवनी जल संसाधन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने सिंचाई के लिए बालाघाट को अत्याधिक पानी की सप्लाई दी। ग्रीष्मकाल में पेयजल हेतु पानी का संग्रहण नहीं रखा। परिणाम स्वरूप सिवनी की जनता को पेयजल के लिए भटकना व परेशान होना पड़ रहा है।

ठंड के दिनों में जब पानी छोड़ा जा रहा था जब सिवनी जिले के भाजपाई नेता सोए हुए थे, उन्होंने जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। जनता के लिए पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है इसका विरोध नहीं है, किन्तु यह परम्परा ना बनें। क्योंकि भविष्य में माचागोरा जलाशय से छिन्दवाड़ा जिले के 711 गांव में पेयजल की आपूर्ति की जानी है साथ ही एक निश्चित मात्रा का पानी संकटकाल के लिए रखा जाता है वह भी माचागोरा जलाशय में शेष रहना चाहिए क्योंकि छिन्दवाड़ा नगर निगम एवं चौरई नगर में माचागोरा जलाशय से पानी दिया जाता है।

**सांसद लूट रहे झूठी वाहवाही**

प्रदेश व देश के किसी भी जलाशय से पानी छोड़ना एक सामान्य प्रक्रिया है जिसे वहां का सम्बंधित विभागीय कर्मचारी करता है, किन्तु छिन्दवाड़ा सांसद ने इसे झूठी वाहवाही लूटने का जरिया बना लिया। जनसेवा नहीं बल्कि राजनीति चमकाने में जुटे छिन्दवाड़ा के भाजपा सांसद से यह अपेक्षा है कि उन्होंने जिस गति से सिवनी जिले को पानी देने के लिए वॉल्व खोला उसी गति से इन परियोजनों को भी पूरा करें साथ ही म.प्र. के सी एम व स्वयं उन्होंने डूब क्षेत्र के किसानों के लिए चुनाव पूर्व जो घोषणा की थी उसे भी पूरा करें।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मुख्यमंत्रीत्व कार्यकाल में स्वीकृति प्रदान की गई जमुनिया माइक्रो एरिगेशन से जिले के 27 गांव सिंचित होना है यह कार्य आज भी पूरा नहीं हो पाया है। पेंच माइक्रो एक से 30 गांव सिंचित होना है, किन्तु आज दिनांक तक यह कार्य भी पूरा नहीं हुआ जिसके चलते इन क्षेत्रों के किसानों को परियोजना का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। पेंच माइक्रो दो का कार्य कछुआ गति से चल रहा है जिसके चलते छिन्दवाड़ा के अधिकांश ग्रामीण इलाके लाभांवित होने से वंचित है। इस ओर भाजपा सांसद का कोई ध्यान दिया जा रहा है।



**सीएम और सांसद वोट लेकर भूल गए घोषणा**

आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए उपस्थित कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने कहा कि विधानसभा व लोकसभा चुनाव के दौरान म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के सांसद ने माचागोरा जलाशय के डूब प्रभावितों को चार गुना मुआवजा दिलाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री और भाजपा के सांसद वोट लेकर वह घोषणा भी भुल गए। आज तक इन विषयों पर सीएम और सांसद ने कोई बात नहीं की। भाजपा के सांसद में छिन्दवाड़ा के विकास का विजन नहीं है, अगर होता तो वे सबसे पहले स्वयं की जुबान से की गई घोषणाओं को पूरा करते, एक कर्मचारी के द्वारा वॉल्व खोलकर पानी देने की प्रक्रिया को स्वयं पूरा करने नहीं जाते और ना ही उसे राजनीतिक उत्सव बनाते।

**छिन्दवाड़ा की जमीन गई, किसान परेशान**

आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गंगाप्रसाद तिवारी ने कहा कि सिवनी जिले में पेयजल संकट का हवाला देकर माचागोरा से पानी छोड़ा गया। पीने के लिए पानी दिया इसका कोई विरोध नहीं है, किन्तु ऐसी स्थिति क्यों निर्मित हुई इस पर वहां के भाजपा नेताओं व भाजपा सरकार को मंथन करना चाहिए। पड़ोसी जिले में पेयजल की यह भयावाह स्थिति निर्मित होना पहले तो भाजपा के विकास की पोल खोल रही है साथ ही वहां के प्रशासनिक व राजनीतिक षड्यंत्र को भी उजागर कर रही।

**चौरई ब्लॉक कांग्रेस की चेतावनी**

चौरई विधानसभा प्रभारी अशोक तिवारी, विधायक सुजीत चौधरी व चौरई ब्लॉक अध्यक्ष तीरथ ठाकुर ने चेतावनी दी है कि पेंच परियोजना की सम्पूर्ण माइक्रो एरिगेशन परियोजनाएं अविलम्ब प्रारंभ नहीं हुई तो चौरई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उग्र आंदोलन करेगी जिसकी जिम्मेदार भाजपा की सरकार व शासन प्रशासन होगा।

आयोजित पत्रकार वार्ता में मनीष पाण्डेय, पप्पू यादव सहित अन्य उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रवक्ता नितिन उपाध्याय के द्वारा किया गया।

# जनसुनवाई में आए 122 आवेदन, मौके पर किया निराकरण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 122 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से नक्शा दुरूस्त करने, सीमांकन कराने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, आवासीय पट्टा दिलाने, पेंशन दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया।

जनसुनवाई के दौरान एक आवेदन वार्ड क्रमांक 8 उंटखाना छिंदवाड़ा निवासी भैयालाल डेहरिया एवं अन्य पांच लोगों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस प्रकरण में ग्राम तेन्दूखेड़ा, तहसील परासिया की भूमि खसरा नंबर 183/1 रकबा 2.186 हेक्टेयर के संबंध में अनुविभागीय



अधिकारी (राजस्व) परासिया द्वारा पारित अपील आदेश क्रमांक 0057 / अपील/2023-24 दिनांक 19 जुलाई 2024 का पालन कर खाते से नाम पृथक करने की मांग की गई।

आवेदकों ने बताया कि न्यायालय का आदेश पारित होने के बाद भी खाता पृथक नहीं हुआ है, जिसके चलते वे बार-बार आवेदन दे रहे हैं। इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए एस.डी.एम. परासिया को तत्काल आदेश का अमल कराने के निर्देश दिए गए। जिसके परिपालन में तहसीलदार परासिया द्वारा त्वरित रूप से आवेदन का निराकरण करा दिया गया है।

हल्का पटवारी द्वारा आदेश के पालन में खसरे का अपडेशन कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है, जिसकी प्रतिलिपि प्रतिवेदन के साथ कलेक्टर श्री सिंह को प्राप्त भी हो चुकी है।

इसके अतिरिक्त ग्राम खिरदा की श्रीमती गिरजा अहरवार ने नक्शा दुरूस्त करने, ग्राम मोरकुंड के शिवनाथ बानवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम रिछेड़ा की लक्ष्मीबाई ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, ग्राम बोहनाखैरी के सरपंच जितेंद्र खडिया ने शासकीय भूमि एवं कच्चे रास्ते का सीमांकन कराने, ग्राम बींझावाड़ा की राजकुमारी ने पेंशन पीपीओ में नाम जोड़कर पारिवारिक पेंशन प्रदान करने, ग्राम मुरमारी की तारा माहोरे ने कृषि लोन से निपटान कराने, ग्राम पंचायत करलाकला के ग्रामवासियों ने क्रिकेट ग्राउंड की बाउंड्रीवॉल एवं सीमांकन कराने, वार्ड क्रमांक 16 शुभालय कॉलोनी के निवासियों ने पीने के पानी की आपूर्ति कराने, वार्ड क्रमांक 35 के शालकराम खौंसी ने वृद्धा पेंशन प्रकरण की शिकायत, वार्ड 47 की श्रीमती मालती साहू ने आबादी भूमि का पट्टा, वार्ड 16 के अतरू डोले ने कृषि भूमि का सीमांकन, अमरवाड़ा के जुम्मन मंसूरी ने जीवन निर्वाह भत्ता दिलाने तथा बड़कुही की श्रीमती कमलाबाई ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु पर अनुदान की मांग की।




## छिन्दवाड़ा के स्पा सेंटर पर छापा सिवनी के दो युवा लड़कियों से करवा रहे थे आपत्तिजनक मसाज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** परासिया रोड स्थित ओशिन थाई स्पा सेंटर पर देहात पुलिस की टीम ने रेड की। यहां पर सिवनी के दो युवा दो युवतियों के साथ आपत्तिजनक हालात में पकड़े गए। ग्राहक बनकर पहुँची पुलिस ने इन्हें रंगे हाथ पकड़ा जो स्पा के नाम पर कुछ और ही सेवाएं युवाओं को दे रहे थे। बीते कई दिनों से इसकी शिकायत पुलिस तक पहुंच रही थी और आज इन्हें पकड़ लिया गया। टी.आई. गोविंद राजपूत ने बताया कि स्पा के संचालक जयपुर निवासी रामगोपाल मीना और मैनेजर पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

बता दें कि शहर छिन्दवाड़ा के अनेक ऐसे क्षेत्र है जहां पर तथाकथित लोगों द्वारा अशलीलता भी फैलायी जा रही है जिस पर पुलिस की नजरे है प्रमाणित होने पर अथवा साक्ष्य मिलने पर ऐसे लोगों पर कार्यवाही की जाएगी। इस छापामार कार्यवाही से शहर के मनचलों में हड़कम्प भी देखा जा रहा है।

*सार समाचार*

## 55वां पृथ्वी दिवस मनाया वन विभाग तामिया ने

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 22 अप्रैल 2025 को वन संरक्षक मधु व्ही राज के निर्देश अनुसार एवं वनमण्डलाधिकारी पश्चिम छिंदवाड़ा साहिल गर्ग के और उपवनमंडलाधिकारी तामिया हरीशचंद्र बघेल के मार्गदर्शन में 55 वां विश्व पृथ्वी दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजोरी के बच्चों साथ मनाया गया। जिसके अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बच्चों को क्विज प्रतियोगिता और निबंध लेखन प्रतियोगिता करायी गई। प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार वितरण किए गए। मिशन लाइफ की जानकारी दी गई और शपथ दिलाई गई।

## तथागत बुद्ध डॉ आंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगीक- एड लोखंडे




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कोयलांचल क्षेत्र के ग्राम अम्बाडा में भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा डॉ. आम्बेडकर जयंती समारोह का आयोजन बौद्ध विहार में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम डॉ. आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सी.एम. गेडाम, महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष एड. रमेश लोखंडे, सरपंच भारती उईके, अध्यक्ष दिनेश सहारे, महासचिव एड. हरिश्चंद्र प्रजापति, अशोक भारती, सुरेश निर्मल, आर.के. चौव्हान, महेश भारती, अमरद्वीप बौद्ध, दिलीप मरकाम, दिनेश साहू, दीपक चौधरी, भैयालाल यादव, राजेंद्र साहू, रीता भारती, किरण सहारे सहित कई उपासक उपासिका एवं भीमसैनिको द्वारा किया गया। तदुपरांत सामूहिक बुद्ध वंदना की गई।

डॉ. आम्बेडकर जयंती समारोह को नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सी.एम. गेडाम, प्रदेश उपाध्यक्ष एड. रमेश लोखंडे, दिलीप मरकाम, अशोक भारती, सुरेश भारती, सरपंच भारती उईके, महेंद्र गोनेकर, शिव झरवड़े, समाजसेवक दीपक चौधरी व्दारा संबोधित किया। अपने उदबोधन में एड. रमेश लोखंडे द्वारा सम्पूर्ण देश वासियों को डॉ. अम्बेडकर जयंती कि शुभकामनाए प्रेषित करते हुए कहा सम्पूर्ण देश में सामाजिक न्याय के सिद्धांत के कारण भारत देश कि विश्व में पहचान बनी, तथागत भगवान बुद्ध के बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय, डॉ. बाबासाहब आम्बेडकर के शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो के विचार सामाजिक न्याय एवं विश्व शांति निर्माण में पथ प्रदर्शक एवं मानव कल्याण हेतु आज भी प्रासंगिक है वह केवल संविधान निर्माना ही नहीं अपितु एक महान अर्थशास्त्री, शिक्षक, कानूनविद समाचार पत्र मूकनायक, बहिष्कृत भारत के संपादक एवं समाजसुधारक थे। डॉ. आंबेडकर भारत को दिए प्रजातान्त्रिक धर्मिरपेक्ष संविधान के रूप में आज भी जीवित है।

हमें उनके विचारो को सम्पूर्ण विश्व में प्रसारित करने कि आवश्यकता बताते हुए उनके द्वारा निर्मित भारतीय बौद्ध महासभा के अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनाकर कार्यकारिणी गठन की अपील की। डॉ. सी.एम. गेडाम व्दारा कहा की डॉ. बाबा सहाव आम्बेडकर में सदियो से जातपात छुआछूत पाखंड अशिक्षा गरीबी से पीड़ित सर्वहारा बहुजन समाज के जीवन में आशाओ कि नई किरणे जगाई वे आजीवन बहुजनो को न्याय दिलाने के लिये संघर्ष करते रहे। समारोह का समापन आभार महासचिव एडण् हरिचंद प्रजापती द्वारा किया गया डॉ आंबेडकर जयंती अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा भोजनदान किया गया।



## भाजपा की टैक्स वसूली के खिलाफ कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान से जुड़ी जनता



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा की सरकार चौतरफा टैक्स वसूली में जुटी है। करों में भारी वृद्धि कर जनता की खून, पसीने की कमाई टैक्स के नाम पर लूटी जा रही। भाजपा के द्वारा जनता पर थोपे गए कर के विरोध में शहर कांग्रेस व कांग्रेस पार्षद दल का महा हस्ताक्षर अभियान निरंतर शहर के विभिन्न वार्डों में जारी है।

जनता का समर्थन जुटाने नगर में चलाए जा रहे महा हस्ताक्षर अभियान के जारी क्रम में आज कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जनता पर थोपे गए संपत्ति कर, जल कर, स्वच्छता कर सहित भाजपा के जनविरोधी मुद्दे को लेकर हस्ताक्षर अभियान नगर के वार्ड क्रमांक 32 एवं 25 बरारीपुरा में चलाया गया। क्षेत्र की जागरूक जनता ने घरों से निकलकर महा हस्ताक्षर अभियान का खुलकर समर्थन किया साथ ही हस्ताक्षर कर भाजपा सरकार के द्वारा लगाए गए टैक्स की खिलाफत भी की।

### मोहर्रली में जल संकट

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर के वार्ड नं. 9 मोहर्रली में एक सप्ताह से बोर बंद पड़ा है जिससे जल संकट की स्थिति गहरा गई है टैंकर भी नहीं पहुंचाया जा रहा है, कर्मचारी फोन भी नहीं उठा रहे है। आयुक्त से मांग की गई है कि शीघ्र व्यवस्था की जावें

## युवक कांग्रेस के चुनावों की तारीख का हुआ ऐलान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** युवक कांग्रेस के चुनावों का ऐलान हो चुका है। चुनाव की सम्पूर्ण प्रक्रिया व तारीखों के सम्बंध में विस्तृत जानकारी राजीव कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए युवक कांग्रेस के चुनाव राज्य समन्वयक के द्वारा दी गई। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया को साझा करते हुए बताया कि युकां के चुनाव निष्पक्षता, लोकतांत्रिक तरीके के साथ ही आधुनिक एप से सम्पन्न होंगे, जिसमें राज्य स्तर पर एक टीम बनाई गई है वह चुनावी गतिविधियों पर नजर रखेगी।

आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए राज्य समन्वयक आशीष चौहान ने बताया कि युकां के चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष से लेकर विधानसभा अध्यक्ष व जिला कमेटी के सदस्य, विधानसभा कमेटी, ब्लॉक अध्यक्ष भी चुने जाएंगे। चुनाव की प्रक्रिया आज से प्रारंभ हो चुकी है। दिनांक 27 अप्रैल से 6 मई 2025 तक नामांकन किए जाएंगे। स्क्रूटनी 7 से 9 मई तक की जाएगी। 11 मई तक उम्मीदवारों के नाम निर्धारित कर लिए जाएंगे। उम्मीदवारों के लिए 18 से 35 वर्ष की आयु वाले सदस्य किसी भी पद के लिए नामांकन कर सकते हैं।

आयोजित पत्रकार वार्ता में भोपाल से पधारे राज्य समन्वयक श्री चौहान ने बताया कि चुनाव

### एप के माध्यम से होंगे चुनाव



एप के माध्यम से सम्पन्न होंगे। सबसे खास बात यह है कि एप को मोबाइल में डाउन लोड कर युवा युवक कांग्रेस के सदस्य बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव ऑनलाइन एप के माध्यम से कराने की सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है।

आयोजित पत्रकार वार्ता में गोलू पटेल, एकलव्य याहके, ज्ञानेश्वर गावंडे, उमेश चौहान, धर्मेन्द्र सोनू मागो, पप्पू यादव व नितिन उपाध्याय उपस्थित रहे।

## छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज में हुआ ब्रेस्ट क्लीनिक का शुभारंभ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा वासियों को बताते हुए बहुत हर्ष हो रहा है कि छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज की सर्जरी विभाग ने ब्रेस्ट क्लीनिक का शुभारंभ किया है जिसमें स्तन के रोगों से ग्रसित मरीज का उपचार किया जाएगा पूर्ण रूप से स्तन संबंधी बीमारियों को समर्पित रहेगा।

देश में बढ़ते हुए ब्रेस्ट कैंसर के केसेस को ध्यान में रखते हुए अलग से ब्रेस्ट क्लिनिक बनाई गई है। जिला अस्पताल के कमरा नंबर 15 में इस क्लीनिक का शुभारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के डीन अभय कुमार, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. विपिन कुमार जैन, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर नरेश गन्नाडे, आर.एम.ओ. डॉक्टर हर्षवर्धन कुड़ापे, सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. हेमंत अहिरवार एवं अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान डीन के आगमन के पश्चात मेडिकल कॉलेज में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए जा रहे है। डॉ. मेघा जैन ने बताया कि इसके पूर्व डीन की उपस्थिति में अनेक एक्टिविटी हो चुकी है और आज मेडिकल कॉलेज परिसर में ही ब्रेस्ट क्लीनिक का शुभारंभ किया गया जो एक महत्ती आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

## खापाखुर्द आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण पखवाड़े का समापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पोषण पखवाड़ा के समापन के अवसर पर खपाखुर्द आंगनवाड़ी केंद्र में विशेष आयोजन किया गया, जिसमें सूखे अनाज की प्रदर्शनी लगाकर गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण आहार की महत्ता समझाई गई। इस दौरान उन्हें विभिन्न प्रकार के सूखे अनाज की पौष्टिकता, उनके लाभ और दैनिक आहार में शामिल करने के तरीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वच्छ, संतुलित एवं पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करना रहा। बता दें कि मध्यप्रदेश



सरकार के आदेशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण आहार पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आयोजित कर रही है।

## बज रहे लाउड स्पीकर, खुले में बिक रहा मांस, नागरिक संरक्षण समिति ने सौंपा ज्ञापन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कैबिनेट में प्रस्ताव पारित के खुले उल्लंघन के खिलाफ नागरिक संरक्षण समिति ने आज ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन नियम विरुद्ध तरीके से बज रहे लाउड स्पीकर और खुले में बिक रहे मांस के खिलाफ था।

गौरतलब है कि प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने पहली कैबिनेट की बैठक में ही धार्मिक स्थानों में अनियंत्रित और नियम विरुद्ध तरीकों से बज रहे लाउड स्पीकर और खुले में बिक रहे मांस के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर उन पर रोक लगाने का आदेश जारी किया था। लेकिन इस आदेश के पालन में ढिलाई बरती जा रही है। जिसके चलते जगह-जगह खुले में मांस का विक्रय शुरू हो चुका है और धार्मिक स्थलों में फिर नियम विरुद्ध तरीकों से लाउड स्पीकर बजने लगे हैं। जिससे नागरिकों को परेशानी हो रही है। इस समस्या से जिला प्रशासन को अवगत कराते हुए नागरिक संरक्षण समिति के अजय सिंह राजपूत, संदेश सूर्यवंशी, नीरज सिंह चौहान, अभिषेक श्रीवास्तव, नवीन सूर्यवंशी, रमन भारद्वाज, अभिषेक ठाकुर और अंकित सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने प्रदेश के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

## 251 कुंडीय सीताराम महायज्ञ में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष, की परिक्रमा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव मंगलवार को नोनीकला कनक धाम में चल रहे 251 कुण्डीय श्री सीताराम महायज्ञ में सम्मिलित हुए साथ उन्होंने ही यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने नोनीकला स्थित श्राम जानकी मंदिर एवं श्री कनक बिहारी दास जी की समाधि स्थल के दर्शन किए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गरिमा दामोदर, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे, अजय सक्सेना, चौरई विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, शैलेन्द्र पटेल सहित चांद, चौरई क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

